

जायसवाल ने घरेलू क्रिकेट में फर्स्ट क्लास और वनडे दोनों मैचों में दोहरा शतक बनाया है। उनका आईपीएल 2023 का प्रदर्शन सोने पर सुहागा है। उन्हें आगामी (टी20) विश्व कप के लिए भी चुना जाना चाहिए।
-गौतम गंभीर

पूर्व भारतीय क्रिकेट, यस्सवी जायसवाल के बारे में।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ वेरा ज्वोनारेवा



**पोलैंड** ने रूस की टेनिस खिलाड़ी वेरा ज्वोनारेवा को अपने देश में प्रवेश करने से रोक दिया जिन्हें यहां डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंट में भाग लेना था। पोलैंड के आंतरिक मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि विश्व में पूर्व नंबर दो खिलाड़ी ज्वोनारेवा को बॉर्डर गार्ड ने देश में प्रवेश करने से रोक दिया। वह फ्रांस के वीजा पर बेलठोड से यहां पहुंची थी। वह वारसॉ हवाई अड्डे के पारगमन क्षेत्र में ही रहीं और उन्होंने शनिवार को पॉडगोरिका, मोंटेनेठाो के लिए उड़ान भरी। वर्तमान में विश्व के 60वें नंबर के खिलाड़ी ज्वोनारेवा को पीएनबी परिबास वारसॉ ओपन में भाग लेना था जो सोमवार से शुरू हो रहा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## हरमनप्रीत कौर पर लगेगा चार डिमेरिट अंक, 75 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

**ढाका, 23 जुलाई ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को बंगलादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में उनके व्यवहार के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा चार डिमेरिट अंक मिल सकते हैं। क्रिकबज़ की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, एक मैच अधिकारी ने कहा कि हरमनप्रीत ने द्वितीय स्तरीय अपराध किया जिसके लिये उन्हें चार डिमेरिट अंक मिलने के अलावा मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना भरना होगा।

शेर-ए-बंगला स्टेडियम पर शनिवार को खेले गये मुकाबले में हरमनप्रीत ने आउट होने पर अपना बल्ला स्टंप्स पर मारा था और अंपायर तनवीर अहमद के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई थी। मैच के बाद प्रेजेंटेशन समारोह में उन्होंने अंपायरिंग मानकों की आलोचना की थी। क्रिकबज के अनुसार, मैच अधिकारी ने कहा, "मैदान पर हुई घटना (विकेट को तोड़ना) के लिये उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा, जबकि प्रेजेंटेशन समारोह में उन्होंने जिस तरह से अपना प्रतिनिधित्व किया, उसके लिये उनपर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।" रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें मैदान पर हुई घटना के लिये तीन डिमेरिट अंक और प्रस्तुति समारोह में अंपायरों पर आरोप लगाने के लिये एक और डिमेरिट अंक मिलेगा। उल्लेखनीय है कि ट्रॉफी समारोह के दौरान हरमनप्रीत ने बंगलादेश की कप्तान निगार सुल्ताना से भी कुछ कहा था, जिसके बाद बंगलादेश की टीम ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाए बिना ही ड्रेसिंग रूम लौट गयी थी।

## जमैका ने फ्रांस को ड्रॉ पर रोका, स्वीडन जीता

**सिडनी, 23 जुलाई ।** विश्व रैंकिंग में 43वें नंबर की जमैका ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के अपने पहले मैच में रविवार को विश्व नंबर पांच फ्रांस को ग्रुप-एफ मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ पर रोक लिया। पिछले साल की यूरोपीय चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक पहुंचे वाला फ्रांस गेंद को ठीक तरह पास नहीं कर सका, जबकि जमैका ने आक्रामक खेल के दम पर पहली बार विश्व कप में अंक अर्जित किया। जमैका ने 2019 फीफा महिला विश्व कप में पदार्पण किया था लेकिन उस समय उसे अपने तीनों मुकाबलों में हार मिली थी। मुकाबले की शुरुआत में फ्रांस की कप्तान वेंडी रेनर्ड और जमैका की कप्तान ख़दीजा शॉ के बीच टक्कर हुई, और दोनों को कुछ देर के लिये मैदान से वापस जाना पड़ा। दोनों खिलाड़ी चिकित्सीय सहायता के बाद पिच पर लौट आये, हालांकि शॉ को मुकाबला खत्म होने से पहले उनकी शारीरिक आक्रामकता के कारण लाल कार्ड (90 2वां मिनट) दिखाकर मैदान से बाहर कर दिया गया। फॉरवर्ड कदिदिआतोउ डियानी ने 90वें मिनट में फ्रांस का विजयी गोल कर दिया होता लेकिन उनका मजबूत हेडर क्रॉसबार से जा लगा। जमैका ने राहत की सांस ली और अंततः मुकाबला ड्रॉ करवाया। ब्रिस्बेन में शनिवार को ग्रुप-एफ मैच में फ्रांस का सामना ब्राजील से होना है, जबकि जमैका उसी दिन पर्थ में स्ट्राइकर खदीजा शॉ के बिना पनामा से भिड़ेगी। इस बीच, वेलिंगटन में खेले गये दिन के एक अन्य मुकाबले में स्वीडन ने दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से मात दी। ग्रुप-जी मैच में स्वीडन के लिये फ्रिडोलीना रोल्फो (65वां मिनट) और अमांडा लेस्टेड (90वां मिनट) ने गोल किये। दक्षिण अफ्रीका का गोल हिल्डा मगाया (48वां मिनट) ने किया। नीदरलैंड ने ग्रुप-ई मैच में स्टेफनी वैन डर ग्राट (13वां मिनट) के गोल के दम पर पुर्तगाल को 1-0 से परास्त किया।

## नागल टाम्पेरे ओपन के चैंपियन बनें

**टाम्पेरे ( फिनलैंड ), 23 जुलाई।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां चेक गणराज्य के डेलिबोर सिवरसिना को सीधे सेटों में हराकर टाम्पेरे ओपन का खिताब जीत लिया।

नागल ने सिवरसिना को 6-4, 7-5 से पराजित किया। यह नागल का पांच मुकाबलों में चौथा एटीपी चैलेंजर खिताब है। यह उनका साल का दूसरा खिताब है। वह इससे पहले अप्रैल में रोम में गार्डन ओपन चैम्पियन बने थे। मैच में नागल की शुरुआत खराब रही। उन्होंने अपना पहली सर्विस गंवा दी और वह 0-3 और 1-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने हालांकि इसके बाद शानदार वापसी की और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की सर्विस को तीन बार तोडा। बेसलाइन से दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया। नागल इस लय को दूसरे सेट के शुरुआत में बरकरार रखने में सफल रहे। उन्होंने सिवरसिना की सर्विस को तोड़कर 4-1 की बढ़त हासिल कर ली। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिवरसिना ने इसके बाद वापसी की और स्कोर 3-5 और फिर 5-5 किया। नागल ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए सिवरसिना की सर्विस तोड 6-5 की बढ़त बनायी और और फिर आखिरी सेट को जीत कर एक घंटे 44 मिनट तक चले मुकाबले को अपने नाम किया।

## विंबलडन चैंपियन अल्करेज की होपमैन कप में एक और जीत

**नीस ( फ्रांस ), 23 जुलाई ।** विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्करेज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट में क्रोएशिया के विश्व में 15वें नंबर के खिलाड़ी बोर्ना कोरिच को 6-3, 6-7(6) 10-5 से हराया। स्पेन के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी अल्करेज ने विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को पांच सेट तक चले कड़े मैच में हराया था।

# सिराज का पंजा, भारत ने बनाई बढ़त

**पोर्ट ऑफ स्पेन, 23 जुलाई।** मोहम्मद सिराज (60/5) के टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद रोहित शर्मा (44 गेंद, 57 रन) के विस्फोटक अद्धर्शतक की बदौलत भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को लंच तक 281 रन की बढ़त हासिल कर ली।

भारत ने दिन की शुरुआत में विंडीज़ को 255 रन पर ऑलआउट कर 183 रन की बढ़त बनायी। इसके बाद रोहित ने जायसवाल (37 नाबाद) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिये 98 रन की साझेदारी कर डाली।

वेस्ट इंडीज के लिये कप्तान क्रेग ब्रैथवेट ने सर्वाधिक 75 रन बनाये, जबकि उनके अलावा टीम का कोई बल्लेबाज अद्धर्शतक तक नहीं पहुंच सका। सिराज ने पांच विकेट चटकाये, जबकि मुकेश कुमार और रवींद्र जडेजा को दो-दो विकेट हासिल हुए। रविचंद्रन अश्विन ने एक विकेट लिया। वेस्ट इंडीज ने मैच के तीसरे दिन बेहतरीन डिफेंस के दम पर 229/5 का स्कोर खड़ा किया था, लेकिन चौथे दिन उसने सिर्फ 50 मिनट के अंदर अपने अंतिम पांच विकेट गंवा दिये।

युवा प्रतिभा मुकेश कुमार ने दिन की शुरुआत एलिक अथानाज़ (115 गेंद, 37 रन) को पगबाधा आउट करके की, जबकि सिराज ने अगले ही ओवर में जेसन होल्डर को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैचआउट करवाया। मुकेश के एक ओवर में दो चौके जाने के कारण वेस्ट इंडीज ने फॉलोऑन टाल लिया।



लेकिन सिराज ने बिना समय गंवाये अल्ज़ारी जोसेफ़, केमार रोच और शैनन गैब्रियल को आउट कर कैरिबियाई टीम की पारी समाप्त की। विशाल बढ़त के साथ भारत वेस्ट इंडीज पर आक्रमण कर सकता था, जो पहले सत्र के आखिरी एक घंटे में देखने को मिला। जायसवाल ने पहले ही ओवर में एक छक्का और एक चौका जड़कर अपनी मंशा साफ कर दी। रोहित ने भी अगले ओवर की शुरुआत चौका लगाकर की और यह जोड़ी 5.3 ओवर में 50 रन की साझेदारी तक पहुंच गयी। टेस्ट क्रिकेट में पहले विकेट के लिये भारत की सबसे तेज अद्धर्शतकीय साझेदारी करने वाले रोहित और जायसवाल को एक-एक जीवनदान भी मिला। रोहित ने इसका फायदा उठाते हुए 44 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों के साथ 57 रन बनाये।

जायसवाल के साथ 98 रन की साझेदारी करने के बाद रोहित अल्ज़ारी जोसेफ़ को कैच देकर पवेलियन लौटे, जबकि एक गेंद बाद बारिश के कारण अंपायर ने सत्र समाप्त करने का फैसला लिया।

## सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी ने कोरिया ओपन में साल का चौथा खिताब जीता

**येओसु ( कोरिया ), 23 जुलाई।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोडी ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान आर्दियांतो की शीर्ष वरीय जोडी पर फाइनल में तीन गेम की जीत से कोरिया ओपन पुरुष युगल खिताब जीत लिया।

साल का चौथा फाइनल खेल रही दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोडी ने दो बार के विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता अल्फियान और आर्दियांतो की जोडी को सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में 17-21 21-13 21-14 से पराजित किया। इस तरह सात्विक और चिराग की 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन जोडी ने लगातार मैचों में जीत की संख्या 10 कर ली और अपनी उपलब्धियों में इजाफा किया। भारतीय जोडी ने इस साल स्विस ओपन, एशियाई चैम्पियनशिप और इंडोनेशिया ओपन जीता है।

इस जोडी का एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अल्फियान और आर्दियांतो के खिलाफ जीत का रिकार्ड 2-2 से बराबर था जिसमें से अंतिम दो मौकों पर उन्होंने इंडोनेशियाई जोडी को पराजित किया था। शुरु में हालांकि भारतीय खिलाडी थोड़े धीमे लगे जिससे वे पहले गेम में पिछड़ रहे थे। लेकिन गेम के अंत में उन्होंने वापसी करते हुए छह अंक जुटाकर अंतर 10-19 कर दिया, फिर भी इसे अपने नाम नहीं कर सके। भारतीय जोडी ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे गेम में दबदबा बनाया और तीसरे गेम को जीतकर खिताब अपनी झोली में डाला। इंडोनेशियाई जोडी ने तेज तर्रार सपाट रैलियों से 4-2 की बढ़त बना ली और उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को आक्रामक होने का मौका ही नहीं दिया। सात्विक और चिराग को गलतियों से भी नुकसान हुआ और ब्रेक तक वे सात अंक से पिछड़ रहे थे। भारतीय जोडी ने फिर कुछ अंक तेजी से जुटाये लेकिन इंडोनेशियाई खिलाडियों ने 16-7 से बढ़त बना ली थी। आर्दियांतो ने एक स्मैश लगाया जिससे वे 19-11 से आगे हो गये। भारतीय जोडी ने अगले तीन अंक हासिल किये और एक रोमाचंक रैली खेली जिसमें इंडोनेशियाई खिलाडी का शॉट नेट में लगा। सात्विक का लगाया गया स्मैश शॉट अंतर तीन अंक करने में सफल रहा लेकिन अगला शॉट वाइड चला गया जिससे इंडोनेशिया के पास चार गेम प्वाइंट हो गये और उसने पहला गेम हासिल किया। दूसरा गेम बराबरी की टक्कर से आरंभ हुआ जिसमें दोनों जोडियों ने कुछ शानदार रैलियां भी खेली। भारतीय जोडी ने तेज और ताकतवर शॉट से रैलियों में दबदबा बनाया। भारतीय खिलाडियों ने 6-4 की बढ़त को 10-8 तक बरकरार रखा जिसमें सात्विक ने अपना पसंदीदा स्मैश भी लगाया। ब्रेक तक भारत ने तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली थी। फिर चिराग के क्रास कोर्ट रिटर्न से यह 17-11 हो गया। जल्द ही सात्विक और चिराग ने नौ गेम प्वाइंट हासिल किये। इनमें से दो उन्होंने गंवा दिये जिसके बाद यह गेम अपने नाम कर निर्णायक गेम में पहुंचे। तीसरे गेम में सात्विक और चिराग पूरी तरह से दबदबा बनाये थे जिससे उनकी बढ़त 9-6 हो गयी जो ब्रेक तक 11-8 रही। भारतीयों ने फिर आक्रामक खेल दिखाया और दुनिया की नंबर एक जोडी पर दबाब बरकरार रखने में सफल रहे। चिराग ने फिर भारत को 13-10 से आगे कर दिया। अल्फिया और आर्दियांतो की सारी कोशिश नाकाम हो रही थीं जिससे भारतीय जोडी 18-12 से आगे हो ली। अल्फियान ने शानदार बैकहैंड रिटर्न दिया लेकिन अगले को नेट में गिरा बैठे जिससे भारतीयों को सात मैच प्वाइंट मिले। पहले का वे फायदा नहीं उठा सके लेकिन अगले को अंक में तब्दील कर 'गंगनम' स्टाइल के डांस से जीत का जश्न मनाया। शनिवार को भारतीय जोडी ने चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की दुनिया की दूसरे नंबर की जोडी पर सीधे गेम में रोमांचक जीत से फाइनल में प्रवेश किया था।



**इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मुकाबला ड्रॉ रहने के साथ एशेज ट्रॉफी बरकरार रखी। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली है जबकि अब सिर्फ एक मैच खेला जाना बाकी है। इंग्लैंड श्रृंखला जीतने की स्थिति में ही एशेज अपने पास रखता। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को दूसरी पारी में पांच विकेट पर 214 रन बनाए थे और वह पहली पारी के आधार पर मेजबान इंग्लैंड से 61 रन पीछे था। शनिवार को भी बारिश के कारण सिर्फ 30 ओवर का खेल हो पाया था।**

## थिरिमाने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**कोलंबो, 23 जुलाई।** श्रीलंका के वामहस्त बल्लेबाज लाहिरू थिरिमाने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अपने 13 साल के करियर में 44 टेस्ट, 127 एकदविसीय और 26 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके थिरिमाने ने शनिवार को अपने फेसबुक पेज पर इसकी घोषणा की।

थिरिमाने ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, "एक खिलाड़ी के रूप में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है, मैंने खेल का सम्मान किया है और मैंने अपनी मातृभूमि के प्रति ईमानदारी और नैतिक रूप से अपना कर्तव्य निभाया है।" उन्होंने कहा, "यह निर्णय लेना मुश्किल था, लेकिन मैं यहां उन कई कारणों का जिक्र नहीं कर सकता, जिन्होंने मुझे यह फैसला लेने के लिये मजबूर किया।

मैं इस अवसर पर एसएलसी (श्रीलंका क्रिकेट) के सदस्यों, मेरे कोचों, टीम के साथियों, फिजियो, प्रशिक्षकों और विश्लेषकों को उनके समर्थन एवं प्रोत्साहन के लिये धन्यवाद देता हूं।"थिरिमाने ने मीरपुर में 2010 में भारत के खिलाफ त्रिकोणीय एकदिवसीय शृंखला में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की। वह 2014 में श्रीलंका के विजयी एशिया कप अभियान में दो शतक जड़कर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे। साथ ही वह टी20 विश्व कप 2014 जीतने वाली श्रीलंकाई टीम का हिस्सा भी थे। एकदिवसीय क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ साल 2015 रहा जब उन्होंने विश्व कप में शतक जड़ते हुए 861 रन बनाये। टेस्ट क्रिकेट में थिरिमाने ने तीन शतक बनाये। खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उनका आखिरी मुकाबला पिछले साल भारत के खिलाफ बेंगलुरु में खेला गया। थिरिमाने ने अपना करियर टेस्ट में 2088 रन, वनडे में 3194 रन और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 291 रन के साथ समाप्त किया।

## जोशुआ डि सिल्वा ने खुलासा किया, कोहली ने कैसे उनकी मां का दिन बना दिया

**पोर्ट ऑफ स्पेन, 23 जुलाई।** भारतीय टीम क्वींस पार्क ओवल में चल रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट में वेस्टइंडीज पर दबदबा बनाये है जिसमें विराट कोहली की 121 रन की पारी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही है। मैदान के अलावा क्रीज के बाहर भी इस 34 साल के भारतीय क्रिकेटर ने प्रभावित किया, जब वह कैरेबियाई विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा की मां से मिले। त्रिनिदाद के इस खिलाड़ी ने इस मुलाकात का जिक्र किया जिसमें उनकी मां कोहली से गले मिली। जोशुआ ने खुलासा किया कि इस मुलाकात से उनकी मां का दिन तो बना ही, पर साथ ही पूरे साल में उनके लिए इस मुलाकात से बेहतर चीज कुछ नहीं होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गयी एक वीडियो में जोशुआ ने कहा कि उनकी मां अपने बेटे के बजाय इस भारतीय करिश्माई खिलाड़ी से मिलने के लिए स्टेडियम पहुंची थी।

## एशियाई खेलों की दौड़ से बाहर हुए रवि दहिया

**नयी दिल्ली, 23 जुलाई ।** महाराष्ट्र के आतिश टोडकर ने टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि दहिया को यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित कुश्ती ट्रायल में रविवार को हराकर एशियाई खेलों की दौड़ से बाहर कर दिया। टोडकर 57 किठाा के बाउट में दहिया से 4-6 से पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की और 20-8 की अजेय बढ़त हासिल कर मुकाबला जीत लिया। टोडकर ने अपनी तेज रफ्तार के साथ रवि के सभी दांव असफल किये और लगातार उन्हें चकमा दिया। रवि मार्च 2023 में लगी घुटने की चोट से उभरने के बाद पहली बार मैट पर उतरे थे।

इस बीच, महिला वर्ग में विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता सरिता मोर और अंशू मलिक एशियाई खेलों की टीम में जगह बनाने में असफल रहीं। सरिता सेमीफाइनल में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मानसी अहलावत से हार गईं, जिन्होंने बाद में साथी जूनियर पहलवान सीतो को हराकर ट्रायल जीता। दूसरी ओर,, 2022 अंडर-20 विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल ने फाइनल में मंजू को हराने से पहले 53 किठाा वर्ग में अपना दबदबा बरकरार रखा। इस भार वर्ग में हालांकि विनेश फोगाट को एशियाई खेलों के लिये बिना ट्रायल चुन लिया गया है। अंतिम ने इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने का फैसला किया है।

## अब मुक्केबाजों ने उठाये एशियाई चैम्पियनशिप की चयन प्रक्रिया पर सवाल

**भिवानी, 23 जुलाई।** पहलवानों के बाद अब हरियाणा के मुक्केबाजों ने एशियाई चैम्पियनशिप के लिये चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाये हैं तथा इसे पूर्णतया गलत बताया है।

मिनी क्यूबा के नाम से जानी जाने वाली भिवानी में रविवार को पहुंचे अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों ने नई चयन प्रक्रिया को गलत बताया और कहा कि इसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। मुक्केबाज विजेंदर ने कहा कि इससे अनुभवी खिलाड़ी पिछड़ेंगे तथा गुलामी और चाटुकारिता बढ़ेगी।

51 किलोठााम भार वर्ग में विश्व के नम्बर एक मुक्केबाज अमित पंघाल ने कहा कि नई प्रक्रिया के तहत ट्रायल की बजाय सिर्फ हाजिरी और फिटनेस के आधार पर चयन किया जा रहा है जो ग़लत है। उन्होंने कहा कि उनके मुक़ाबले जिस मुक्केबाज का चयन हुआ है उसे वह कई बार हरा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नई चयन प्रक्रिया से खिलाड़ी खेल में चाहे जितनी जान लगा दे पर सारे अधिकार विदेशी कोचों के हाथ में है, जो चहेतों का चयन कर रहे हैं। वहीं विजेंदर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ आत्मनिर्भर बनने को कहते हैं और दूसरी तरफ़ चयन के लिए विदेशों से कोच आते हैं। इस नई चयन प्रक्रिया से अनुभवी मुक्केबाज पिछड़ जाऐंगे और जी हजूरी वालों को ही मौका मिलेगा।

## वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने शॉट खेलने तक का प्रयास नहीं किया : म्हाम्ब्रे

**पोर्ट ऑफ स्पेन, 23 जुलाई।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए उपयोग की जा रही पिच को बल्लेबाजी के लिए बेहद धीमी करार देते हुए शॉट खेलने का प्रयास तक नहीं करने के लिए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की आलोचना की। वेस्टइंडीज दो मैचों की श्रृंखला में अभी 0-1 से पीछे है। उसने दूसरे टेस्ट में भारत के 438 रन के जवाब में तीसरे दिन रन बनाने के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किए। कैरेबियाई टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 229 रन बनाए थे और वह भारत से 209 रन पीछे है।

म्हाम्ब्रे ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा," पिच बेहद धीमी और बल्लेबाजी के लिए बहुत आसान है। दिन का खेल समाप्त होने तक यह थोड़ा टर्न लेने लग गई थी। वेस्टइंडीज ने बल्लेबाजी में बेहद रक्षात्मक रवैया अपनाया। जब बल्लेबाज शॉट खेलने का प्रयास करता है तो विकेट लेने का भी मौका होता है लेकिन उन्होंने ऐसी कोशिश ही नहीं की।" उन्होंने कहा," हमारे गेंदबाजों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्हें जो भी मौके मिले उन्होंने उसका फायदा उठाया। " मुंबई के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा," पिच जीवंत होनी चाहिए। बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए संतुलन होना चाहिए। डोमिनिका की पिच में टर्न था लेकिन हमने परिस्थितियों का बेहतर इस्तेमाल किया। इस पिच पर हालांकि 20 विकेट लेना मुश्किल होगा।" भारतीय गेंदबाजी कोच ने अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के प्रदर्शन पर संतोष जताया जिन्होंने किर्क मैकेंजी के रूप में अपना पहला विकेट लिया।

म्हाम्ब्रे ने कहा," पहले सत्र में पहली गेंद करने के बाद उसने जो प्रगति दिखाई उससे मैं काफी खुश हूं। दूसरे सत्र में उसने गेंद को कुछ मूव किया। यह वास्तव में अच्छा प्रयास था।"

## पेड्रो काचिन ने स्विस ओपन खिताब जीता

**गस्टाड (स्विट्जरलैंड), 23 जुलाई।** अर्जेंटीना के पेड्रो काचिन ने रविवार को यहां फाइनल में एलबर्ट रामोस विनोलास को 3-6, 6-0, 7-5 से हराकर स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट खिताब जीत लिया। 90वीं रैंकिंग पर काबिज इस खिलाड़ी के करियर का यह पहला खिताब है जिसकी बदौलत वह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 54 की ओर पहुंच जायेंगे।

गर्दन और टखने की चोट के कारण इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर तेजी से आगे नहीं बढ़ सका, उन्होंने एक साल पहले पहली बार शीर्ष 100 में वापसी की थी। काचिन के नाम दूसरे टीयर के चैलेंजर टूर में छह करियर खिताब हैं। इस टूर्नामेंट से खेलने से पहले वह विम्बलडन के पहले दौर में नोवाक जोकोविच से हार गये थे।

## जूनियर एशियाई जूडो चैंपियनशिप में भारत को तीन स्वर्ण सहित पांच पदक

**नयी दिल्ली, 23 जुलाई ।** भारत ने चीन के मकाउ में चल रही जूनियर एशिया कप जूडो चैंपियनशिप में रविवार को तीन स्वर्ण पदक सहित पांच पदक जीते।

महिला 48 किग्रा वर्ग में अस्मिता डे ने स्वर्ण पदक जीता जबकि उन्नित शर्मा (63 किग्रा) और अरूण कुमार (73 किग्रा) भी स्वर्ण पदक जीतने के सफल रहे। अस्मिता शुरुआती दौर में ग्रुप डी में शीर्ष पर रही। उन्होंने हांगकांग की सुएत यीयू टेंग को हराया और मुख्य वर्ग के पहले दौर में उन्हें बाई मिली। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एशलिन डो को हराने के बाद फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया की ही एनेलीस फील्डर को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। उन्नित ने ग्रुप सी में स्थानीय दावेदार इयान आई लेई को हराकर नॉकआउट में जगह बनाई। उन्होंने इसके बाद मंगोलिया की मारलमा खुरेलचुलुन और ऑस्ट्रेलिया की राइली रामेटा को क्रमशः सेमीफाइनल और फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया। अरूण ने भी ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया के दिमित्रियोस जियांटसियोस को हराकर अच्छी शुरुआत की। उन्होंने इसके बाद दक्षिण कोरिया के जिमिन लिम को हराकर ठ़ुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में अरूण ने सऊदी अरब के मियामानी अब्दुलराऊ को हराने के बाद फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के कोहसेई तोयोशिमा को शिकस्त दी।सौ किग्रा से अधिक वर्ग में चुनौती पेश कर रहे यश घंगास को फाइनल में मंगोलिया के खानगरिद गांटुल्गा के खिलाफ शिकस्त के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# पाक ने लगातार दूसरी बार जीता इमर्जिंग एशिया कप

**कोलंबो, 23 जुलाई।** पाकिस्तान-ए ने पुरुष इमर्जिंग एशिया कप 2023 के फाइनल में रविवार को भारत-ए को 128 रन से रौंदकर लगातार दूसरी बार यह खिताब जीत लिया। गत चैंपियन पाकिस्तान-ए ने तैयब ताहिर (71 गेंद, 108 रन) के आतिशी शतक के दम पर भारत-ए के सामने 353 रन का विशालकाय लक्ष्य रखा। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने सुफियान मुक़ीम (66/3) की अगुवाई में भारत-ए को 224 रन पर ऑलआउट कर उसे 10 साल बाद चैंपियन बनने से रोक दिया। सैम अय्यूब (51 गेंद, 59 रन) और साहिबज़ादा फरहान (62 गेंद, 65 रन) के अद्धर्शतकों के बावजूद पाकिस्तान-ए 187/5 के स्कोर पर संघर्ष कर रही थी, जिसके बाद ताहिर ने शतक जड़कर टीम को 352 रन के स्कोर तक पहुंचाया। भारत-ए ने इसके जवाब में अच्छी शुरुआत की, लेकिन स्पिनरों के आगे मध्यक्रम की असफलता टीम पर भारी पड़ी। भारतीय टीम देखते ही देखते 132/2 से 194/8 पर पहुंच गयी। पुछल्ले बल्लेबाजों ने विकेट पर कुछ समय बिताया लेकिन वह सिर्फ हार के अंतर को ही कम कर सके। पाकिस्तान-ए ने 2019 में पहली बार चैंपियन बनने के बाद दूसरी बार यह खिताब जीता है। साल 2013 में चैंपियन बनने वाली भारतीय टीम पांच में से दो आयोजनों में उपविजेता रही है।

पाकिस्तान-ए द्वारा दिये गये 353 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत-ए की शुरुआत तेज़ रही थी। भारत-ए छह ओवर में 56 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहा था जिसके बाद पाकिस्तान-ए ने रनगति पर लगाम कसना शुरू की। अगले दो ओवरों में सिर्फ छह रन आए और साई सुदर्शन (28 गेंद, चार चौके, 29 रन) दबाव में आकर नौंवे ओवर में आउट हो गये।

क्रीज पर 15 गेंदें बिताने के बाद निकिन होज़े 11 रन बनाकर मोहम्मद वसीम जूनियर का शिकार हुए। शुरुआती झटकों के बाद भारत की क्षीण होती जीत की संभावनाओं को अभिषेक शर्मा ने बरकरार रखा। अभिषेक ने 44 गेंद में अपना अद्धर्शतक पूरा करते हुए यश ढुल के साथ 52 रन की साझेदारी की।

अभिषेक-ढुल की जोड़ी भारत की जीत के लिये निर्णायक साबित हो सकती थी। वामहस्त स्पिनर सुफियान मुक़ीम ने दोनों के विकेट लेकर भारत को करारा झटका दिया। अभिषेक ने 51 गेंद पर पांच चौकों और एक छक्के की सहायता से 61 रन बनाये, जबकि ढुल ने 41 गेंद पर चार चौके लगाकर 39 रन की पारी खेली।

मुबश्शिर खान ने इस बीच निशांत सिंधु को पवेलियन लौटाया, जबकि मेहरान मुमताज़ ने ध्रुव जुरेल और रियान पराग के रूप में भारत के आखिरी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। सुफियान ने अपना स्पेल समाप्त होने से पहले हर्षित राणा (13) का भी विकेट चटकाया।

राजवर्धन हांगरगेकर (11), मानव सुथर (सात नाबाद) और युवराज सिंह डोडिया ने पिच पर समय ज़रूर बिताया लेकिन यह महज़ औपचारिकता थी। अरशद इक़बाल ने हांगरगेकर को आउट किया, जबकि मोहम्मद वसीम जूनियर ने युवराज को बोल्ड कर पाकिस्तान की जीत पर मुहर लगायी।

इससे पूर्व, भारत-ए ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन पाकिस्तान पर दबाव नहीं बना सकी। फरहान और अय्यूब शुरुआत से ही हमलावर रहे और भारतीय गेंदबाजों को लय हासिल करने का मौका नहीं दिया। इन दोनों बल्लेबाजों ने पहले पावरप्ले का भरपूर फायदा उठाकर पाकिस्तान को 10 ओवर में 69 रन तक पहुंचाया।

अय्यूब 16 रन के स्कोर पर आउट हो गये होते, लेकिन राजवर्धन हांगरगेकर की गेंद नो बॉल होने के कारण उन्हें जीवनदान मिला। सलामी बल्लेबाज ने इसका पूरा फायदा उठाया और 51 गेंद पर सात चौकों एवं दो छक्कों के साथ 59 रन की पारी खेल डाली। फ़रहान 62 गेंद पर चार चौकों और चार छक्कों के साथ अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन उनके रनआउट होने के कारण पाकिस्तान का दूसरा विकेट भी गिर गया।

रियान पराग ने 28वें ओवर में उमैर यूसुफ़ (35) और क़ासिम अकरम (शून्य) को आउट कर तेज़ी से आगे बढ़ रही पाकिस्तानी पारी को कुछ देर के लिये धीमा किया, लेकिन ताहिर ने अपनी ताबडतोड बल्लेबाजी से सारी कसर पूरी कर दी। ताहिर ने मात्र 71 गेंद खेलकर 108 रन की शतकीय पारी खेली, जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल रहे।

पाकिस्तानी टीम अपने अंतिम स्कोर में करीब 20 रन और जोड सकती थी लेकिन हांगरगेकर ने ताहिर और मुबश्शिर खान (47 गेंद, 35 रन) को अंतिम ओवरों में चलता किया। हर्षित राणा ने पाकिस्तानी पारी के समापन से पहले मेहरान मुमताज़ (10 गेंद, 13 रन) को आउट किया, जिसके बाद मोहम्मद वसीम जूनियर (10 गेंद, 17 नाबाद) ने एक चौके और एक छक्के की सहायता से पाकिस्तान को 50 ओवर में 352/8 के स्कोर तक पहुंचाया। भारत की ओर से राणा छह ओवर में 51 रन देकर सबसे महंगे गेंदबाज रहे। उन्हें एक विकेट हासिल हुआ।